जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान

(डायट), मधेपुरा, पिन कोड–852113

बिहार सरकार

DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION AND TRAINING (DIET), MADHEPURA

डॉ० हिमांशु शर्मा (बि0शि0से0)
प्रभारी प्राचार्य

E-Mail-principaldietmadhepura@gmail.com
Website: - https://dietmadhepura.in

पत्रांक...../ दिनांक ...../...../2026

सेवा में

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी,
मधेपुरा।

विषय- नीलामी आमंत्रण सूचना हेतु आम सूचना को मधेपुरा जिला के ऑफिसियल वेबसाईट पर प्रकाशित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में अंकित करना है कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मधेपुरा में परिसर स्थित पुराने/परित्यक्त भवनों के निस्तारण/विनष्टीकरण (Dismantling) हेतु नीलामी आमंत्रण सूचना प्रकाशित किया जाना है। नीलामी आमंत्रण की सूचना की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है ।

अतः अनुरोध है कि उक्त नीलामी आमंत्रण सूचना को मधेपुरा जिले के ऑफिसियल वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

अनुलगनक- यथोक्त

विश्वासभाजन

प्राचार्य
डायट, मधेपुरा

ज्ञापांक.982../ मधेपुरा, दिनांक...02...../...11...../2026

प्रतिलिपिः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, मधेपुरा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– निदेशक, SCERT, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

02.11.26
प्राचार्य
डायट, मधेपुरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान

(डायट), मधेपुरा, पिन कोड–852113

बिहार सरकार

DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION AND TRAINING (DIET), MADHEPURA

डॉ० हिमांशु शर्मा (बि0शि0से0)
प्रभारी प्राचार्य

E-Mail-principaldietmadhepura@gmail.com
Website: - https://dietmadhepura.in

पत्रांक 963 / दिनांक 30 / 10 / 2026

अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना सं0-01/2026-27

उप निदेशक, SCERT, पटना के कार्यालय पत्रांक CIVIL WORK/24/SCERT/2026/1069, दिनांक: 19-02-2026, जिला पदाधिकारी मधेपुरा के कार्यालय पत्रांक: 403/वि०, दिनांक: 18.07.2026 एवं प्रबंधक तकनिकी (अशैनिक) BSEIDC, Madhepura के कार्यालय पत्रांक: BSEIDC/MDP/DMT/461, दिनांक: 21.09.2026 के निदेशालोक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मधेपुरा अंतर्गत स्थित पुराने क्षतिग्रस्त / परित्यक्त भवन को निस्तारण/ विनिष्टीकरण (Dismantling)/ तोड़कर हटाने एवं स्थल साफ कर उपलब्ध कराने हेतु प्राचार्य डायट, मधेपुरा द्वारा नीलामी आहूत की गई है। यह नीलामी दिनांक 24.11.2026 को 02:00 बजे अप० में प्राचार्य वेश्म डायट, मधेपुरा में क्रय समिति के समक्ष की जाएगी।

क्रमांक	स्थल / भवन का नाम	न्यूनतम नीलामी की बोली	नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक जमा राशि Non Refundable	कार्य समाप्ति की अवधि	नीलामी हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि
1	Dismantling of Old Dilapidated Lecture Building (नव निर्मित अकादमिक भवन के दक्षिण)	40,000/-	1,000/-	दस दिन	07-11-2026 से 21-11-2026 तक 04:00 बजे अप० तक
2	Dismantling of Old Principal Quarter (नव निर्मित अकादमिक भवन के पीछे)	26,000/-			
3	Dismantling of Old Mess Building (नव निर्मित बालिका छात्रवास के ठीक पूरब)	32,000/-			
	कुल मो०	98,000/-	1,000/-		

नीलामी हेतु शर्तें निम्नवत् होगी :-

1. नीलामी हेतु इच्छुक अनुभवी व्यक्ति अपने आवेदन के साथ आवश्यक राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक से निर्गत हो एवं PRINICPAL, DIET MADHEPURA के पदनाम से मधेपुरा में भुगतान हो, (किसी भी हालत में नगद नहीं ली जाएगी) दिनांक 21-11-2026 सायं 04:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना हैं तथा एक शपथ-पत्र जो नीलामी आमंत्रण तिथि के बाद का

हो, जिसमें यह वर्णित होना चाहिए की इस नाम से बिहार सरकार के अधीन किसी भी प्रमण्डल में इस तरह का कार्य लंबित नहीं है, नीलामी की तिथि को 01:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा।

2. उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति की पूरी राशि नीलामी के दिन से तीन कार्य दिवसों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यादेश निर्गत तिथि से कार्य समाप्ति की अवधि के अन्दर उक्त भवनों / संरचना को तोड़कर स्थल साफ किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा विलम्ब की स्थिति में प्रतिदिन उच्चतम बोली लगाई गई राशि का 2 % प्रतिदिन की दर से दण्ड शुल्क लिया जाएगा।

3. उक्त भवन संरचना को सतह स्तर (Surface FloorLevel) तक ही तोड़ा जायेगा।

4. नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में नीलामी आयोजित की जाएगी।

5. न्यूनतम नीलामी की राशि प्राक्कलन की स्वीकृति के आलोक में घट-बढ़ सकती है। नीलामी में उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को कार्य आवंटित किया जाएगा।

6. नीलामी में भाग लेने से पूर्व कार्यस्थल एवं संबंधित भवनों का निरीक्षण अदश्य कर लें बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। टूटे हुए उपयोगी / अनुपयोगी सामग्रियों को कार्यस्थल पर से हटाकर ले जाना आपकी जिम्मेदारी होगी जिसके लिए अतिरिक्त ढुलाई देय नहीं होगा। उक्तापुराने क्षतिग्रस्त / परित्यक्त भवन को तोड़ने के क्रम में सफल बोलीकर्ता (संवेदक) द्वारा सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाएगी एवं किसी भी दुर्घटना होने पर इसकी पूर्ण जवाबदेही सफल बोली कर्ता (संवेदक) की होगी।

7. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी रद्द किया किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

8. उक्त कार्य से आधारकार्ड, पैनकार्ड एवं पुलिस अधीक्षक से अद्यतन चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा इसकी मूल प्रति साथ में रखनी होगी, अन्यथा नीलामी में भाग लेने से वंचित होंगे।

9. विस्तृत जानकारी हेतु https://dietmadhepura.in पर देखा जा सकता है।

30/10/2026

प्राचार्य

डायट मधेपुरा